Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand for railway line from Ratlam to Dungarpur via Banswada.

श्री कनकमल कटारा (बांसवाड़ा): अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान के डूंगरपुर, बांसवाड़ा क्षेत्र से चुन कर आया हूं । यह आदिवासी बहुल क्षेत्र है और लंबे समय से वहां रेल लाइन की मांग है । इस मांग को बार-बार क्षेत्र में उठाया जा रहा है । मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि रतलाम से डूंगरपुर वाय बांसवाड़ा, सागवाड़ा 176 किलो मीटर की दूरी है । पिछले समय में यह कार्य प्रारंभ किया गया था । राज्य सरकार और केन्द्र सरकार के बीच एमओयू हुआ था । परन्तु दुर्भाग्य से आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के नाते इस कार्य को प्रारंभ नहीं किया गया । उसका कारण कुछ भी हो, परन्तु आदिवासी क्षेत्र होने के नाते, पिछले समय कई मंत्रियों ने कहा कि नो प्रॉफिट, नो लॉस पर ऐसे क्षेत्र में रेल लाइन बिछाना जरूरी है ।

इस बात को ध्यान में रखते हुए मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि इस परियोजना से आदिवासी अंचल के दोनों जिले डूंगरपुर और बांसवाड़ा अहमदाबाद जैसे बड़े जंक्शन से जुड़े जाएं, तो देश के किसी भी कोने में आने-जाने की सुविधा मिलेगी । इसका सीधा लाभ यहां के व्यापारियों, पर्यटन, श्रमिकों तथा उद्योगपतियों को मिलेगा, जिससे इस क्षेत्र का बहुत लाभ होगा ।